भिलाई इस्पात कारखाने से (मकडम्प) स्क्रैप की चोरी

5039. **श्री अरविन्द नेताम :** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) भिलाई इस्पात कारखाने से 1965 से मार्च 1972 तक कितने टन मकडम्प की चोरी हुई, और

(ख) इससे कितनी हानि हुई ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाहनवाज खां) (क) और (ख). भिलाई इस्पात कारखाने के रिकार्डों के अनुसार इस अवधि मे कारखाने से चोरी हुए स्क्रैप (फैरस तथा नान-फैरस) की कुल मात्रा लगभग 650 टन थी जिसमे 597 टन को पुनराप्त कर लिया गया है।

53 टन स्क्रैप का मूल्य जिसे पुनराप्त नही किया जा सका है, लगभग 32,000 रुपये है।

मध्य प्रदेश में सूती कपड़ा मिलों द्वारा दिया गया बोनस

5040. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों मे मध्य प्रदेश मे प्रत्येक सूती कपडा मिल द्वारा अपने कर्मचारियो को कितने प्रतिशत बोनस दिया गया;

(ख) क्या कुछ कार्मिक संघों तथा कर्मचारियो ने केन्द्र सरकार से यह शिकायत की है कि श्रमिकों को बोनस समय पर नही दिया जाता है ; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध मे सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) (क) से (ग). सूचना उपलब्ध नही है। कपडा मिलो द्वारा बोनस भुगतान के सम्बन्ध मे राज्य सरकार उचित सरकार है और इस सम्बन्ध मे जो भी शिकायत हो, वे उचित कार्यवाही के लिए उन्हे सम्बोधित की जाए।

मध्य प्रदेश में इस्पात कारखानो की स्थापना

5041. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि मध्य प्रदेश के भिंड और मोरेना जिलो के पिछड़ेपन को ध्यान मे रखते हुये सरकार का विचार वहा एक इस्पात कारखाना स्थापित करने का है ?

इस्पात और खान मंत्रालय मे राज्य मंत्री (श्री शाहनवाज खां) : इस समय ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नही है।

मध्य प्रदेश के शरणार्थी शिविरो मे बंगला देश के शरणार्थियो की मृत्यु

5042. **श्री हुकम चन्द कछवाय** क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या मध्य प्रदेश के विभिन्न भागो मे स्थित शरणार्थी शिविरो मे रखे गये बंगला देश के कुछ शरणार्थियो की बिमारी तथा अन्य कारणो से मृत्यु हो गई ; और

(ख) यदि हा, तो मध्य प्रदेश के विभिन्न शरणार्थी शिविरो मे कितने शरणार्थियो की मृत्यु हुई ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) (क) जी हां।

(ख) लगभग 11,000।

भारतीय राजनयिकों द्वारा विदेशी महिलाओं से शादी करना

5043. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या